No. of Printed Pages : 3

बी.एच.डी.एफ.-101

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2018

बी.एच.डी.एफ.-101 : हिन्दी में आधार पाठ्यक्रम

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं । इस प्रश्न-पत्र में* ***सात*** *प्रश्न हैं ।*

1. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए : *4*
   (क) ईद का चाँद होना
   (ख) छाती पर मूँग दलना

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** के दो-दो पर्यायवाची बताइए : *4*
   तालाब, घर, सूरज, रात

3. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए : *10*
   (क) हिन्दी का महत्त्व
   (ख) मेरा प्रिय कवि
   (ग) साम्प्रदायिकता : एक अभिशाप
   (घ) लोकतंत्र और सामाजिक न्याय

4. टाटा स्टील कम्पनी में अनुभाग अधिकारी की सीधी भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन पत्र लिखिए । *6*

5. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और इसके आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

शुरू-शुरू में जब आदमी पैदा हुआ तो इसके चारों तरफ़ बड़े-बड़े जानवर रहे होंगे और उसे उनसे बराबर डर लगा रहता होगा । आज आदमी दुनिया का मालिक है । जानवरों से जो काम चाहता है करा लेता है । लेकिन, उस जमाने में वह मालिक न था, बल्कि बड़े-बड़े जानवर उसी का शिकार करते थे और वह उनसे जान बचाता फिरता था । मगर धीरे-धीरे उसने तरक़्क़ी की और ताक़तवर होता गया । सच तो यह है कि मनुष्य शारीरिक रूप से जानवरों से कमज़ोर है लेकिन बौद्धिक रूप से सबसे ताक़तवर है । अपनी बौद्धिक शक्ति से ही वह सबको नियंत्रित करता है ।

(क) शुरू में मनुष्य की दशा कैसी थी ? *2*

(ख) मनुष्य अपने किस गुण के कारण सबसे अधिक बलवान है ? *4*

(ग) उपर्युक्त गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती है ? *4*

6. निम्नलिखित में से किसी ***एक*** का आशय लगभग 200 शब्दों में लिखिए : *6*

(क) सखि, नील नभस्सर में उतरा
यह हंस अहा ! तिरता तिरता,
अब तारक-मौक्तिक शेष नहीं,
निकला जिनको चरता-चरता
अपने हिम-बिन्दु बचे तब भी,
चलता उनको धरता धरता,
गड़ जायँ न कंटक भूतल के,
कर डाल रहा डरता डरता ।

(ख) कीटाणु ... जर्म्स ... हमारी नस-नस में फैल जाते हैं और रात-दिन दुगुने, चौगुने, सौगुने होते जाते हैं । इनसे आदमी की महत्त्वाकांक्षा मर जाती है, कार्य-शक्ति जवाब दे जाती है, किसी भी चीज़ को लेकर न "कह सकने का साहस उसमें नहीं रह जाता । वह केवल दूसरों का मुँह ताकने और हाँ-हाँ करने की एक मशीन में बदल जाता है जिसका सारा ध्यान निम्न स्तर की कुछ आवश्यकताओं को छोड़कर और किसी चीज़ पर नहीं टिक पाता ।"

7. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 200 शब्दों में लिखिए : *2×5=10*

(क) 'जूठन' के आधार पर दलित आत्मकथा की विशेषताएँ बताइए ।

(ख) 'बहुत बड़ा सवाल' एकांकी नाटक की भाषा-शैली की विशेषताएँ बताइए ।

(ग) तुलसीदास के रामराज्य की विशेषताएँ बताइए ।

(घ) 'जीने की कला' निबंध में नारी-दुर्दशा के लिए एक सीमा तक नारियों को भी किस प्रकार ज़िम्मेदार बताया गया है ?